>

Title: Need to allocate land for the proposed five petrol pumps and one CNG pump on Eastern Express Highway in Maharashtra.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): माननीय अध्यक्ष जी, मुम्बई जैसे अंतर्राष्ट्रीय शहर में ईस्टर्न एक्सप्रैस हाईवे साईं बाबा मंदिर से लेकर गोड़बंदर थाणे तक जाता है । यह 20 किलोमीटर का स्ट्रैच है और 15 लाख की आबादी में मूलन पूर्व, भांडु पूर्व, बिकरौली पूर्व एरिया हैं, जहां पेट्रोल पम्पों की कमी है । इस क्षेत्र में पेट्रोल पम्प की नितांत आवश्यकता है और बड़ी मात्रा में लैण्ड सॉल्ट कमिश्नर के पास है ।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि सरकार अपनी तरफ से प्रयत्न करे कि साल्ट कमिश्नर से लैण्ड का एक्विजिशन करके सरकारी पेट्रोल पम्प का तुरंत निर्माण कराया जाए ताकि इस बड़ी आबादी वाले क्षेत्र में लोगों को राहत मिल सके ।